HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Fifteenth Session)

Questions For Oral Answer

Friday, 12th August, 2022/21st Shravan, 1944 (Saka)

[Chief Minister - Jal Shakti Minister - Urban Development Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Technical Education Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Industries Minister - Education Minister - Health and Family Welfare Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister and Food, Civil Supplies and Consumer Affairs Minister].

Total No. of Questions - 43

Vacancy Position

*5266 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of JBT, HT and CHT are lying vacant in the State; details be given District-wise;

(b) how many posts of JBT were filled up in the State; details be given District-wise; and

(c) what steps the Government is taking to fill-up these vacant posts of all categories?

पदपूर्ति

*5267 **श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि

झण्डुता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सी0एच0सी0 झण्डुता, तलाई व सी0एच0 बरठीं में एम0डी0 चिकित्सकों व स्त्री रोग विशेषज्ञों के पद स्वीकृत हैं; यदि हां; तो ये पद कब तक भर दिए जाएंगे; ब्यौरा दें?

Sanctioned Posts

***5268 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 20.07.2022, how many posts of AE/JE and Technical Assistant has been created in the Rural Development Department; details be given?

मकान हेतु राशि

***5269 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा कितने लाभार्थियों को मकान बनाने हेतु धनराशि स्वीकृत की गई व कितने मामले लंबित हैं; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

मुख्य मंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना

***5270 श्री आशीष बुटेल (पालमपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि मुख्य मंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना प्रदेश भर के शहरी निकायों में सुचारू रूप से चल रही है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) मुख्य मंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना के अंतर्गत कितनी धनराशि नगर निगम, पालमपुर द्वारा दिनांक 01.04.2021 से 20.07.2022 तक व्यय की जा चुकी है व कितनी धनराशि शहरी विकास मंत्रालय द्वारा नगर निगम, पालमपुर को प्रदान की गई; ब्यौरा दें?

आयुर्वैदिक चिकित्सक

***5271 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में आयुष विभाग के अंतर्गत आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कितने आयुर्वैदिक चिकित्सकों के पद भरे तथा कितने रिक्त पड़े हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

सड़कों की अद्यतन स्थिति

***5272 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खंडराला व सुंगरी सड़क के निर्माण की अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(ख) खंगतेरी-बगशैल सड़क निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; यह सड़क खंगतेरी से बगशैल व खंडराला से बगशैल बस चलने योग्य है; यदि नहीं, तो कारण?

निर्माण कार्य

***5273 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समोट, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेल, टीकरी व उप-स्वास्थ्य केन्द्र सुखियाड़, नलोह, भोलग के भवन निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) सरकार इन कार्यों को कब तक आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

सूखा राहत

***5274 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि इस वर्ष जिला किन्नौर सूखे की चपेट में है तथा सरकार द्वारा राहत कार्य नहीं चलाए जा रहे हैं;

(ख) यह भी सत्य है कि पूह गांव के बागवानों व किसानों को अपने बाग-बगीचे सूखे से बचाने के लिए धनराशि देकर सिंचाई व पेयजल के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है; और

(ग) जिला किन्नौर में सूखा राहत के लिए सरकार ने अब तक कितनी धनराशि किन-किन मदों पर व्यय की है; ब्यौरा दें?

सौर ऊर्जा

***5275 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने सभी सरकारी कार्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक कितने सरकारी कार्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित किए गए; विभागवार ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में किन-किन स्थानों पर सौर ऊर्जा पार्क व सौर ऊर्जा वृक्ष स्थापित किए गए हैं; ब्यौरा दें?

पार्ट टाइम वर्कर

***5276 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षा खण्ड धुन्धन के अंतर्गत कितनी राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं में पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर की आवश्यकता थी; आवश्यकता के अनुरूप कितने पदों पर भर्ती हुई व कितने पदों पर भर्ती नहीं हुई है; कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार शेष पदों पर भर्ती करने का विचार रखती है?

नाबार्ड के अंतर्गत स्वीकृत योजनाएं

***5277 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022

तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग में नाबार्ड पोषित कितनी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं व कितनी डी0पी0आर्ज0 स्वीकृति हेतु भेजी गई हैं; तिथिवार ब्यौरा दें?

अनुबंध

***5278 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार जल शक्ति विभाग में वर्ष 2012 से कार्यरत जल रक्षकों को अनुबंध पर लाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पुल निर्माण

***5279 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मोटर योग्य पुल जोकि गांव भ्रां व लोहन के मध्य बनना प्रस्तावित है, का कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा?

वाहनों की चोरियां

***5280 श्री अनिरुद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 20.07.2022 तक शिमला शहर में कितने वाहन चोरी हुए, उनमें से कितने बरामद हुए; वाहन चोरी करने वालों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा वाहन मालिकों के नाम व पते सहित दें?

छैला कैन्थी-सैंज सड़क

***5281 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत छैला कैन्थी से सैंज सड़क को चौड़ा करने हेतु धनराशि का प्रावधान कब तक कर दिया जाएगा; और

(ख) यह सत्य है कि आम जनता को पराला मण्डी में लगने वाले यातायात जाम से निजात

दिलवाने हेतु सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि सैंज से ठियोग को जोड़ने वाले मार्ग को चौड़ा किया जाएगा; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है; ब्यौरा दें?

पंचायत लिंक रोड

*5282 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 47 पंचायतों के पंचायत लिंक रोड बरसात के कारण खराब हो गए हैं; यदि हां, तो इन सड़कों की मरम्मत हेतु सरकार डी0सी0 या पंचायती राज विभाग के माध्यम से कब तक धन उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

एफ0आर0ए0

*5283 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकार द्वारा लोक निर्माण, वन, पंचायती राज व जल शक्ति विभागों हेतु एफ0आर0ए0 के कितने मामले स्वीकृत किए गए; ब्यौरा विभागवार दें?

कर्ज़

*5284 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई) :**
श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश की जी0डी0पी0 कितनी है; प्रदेश पर कितना कर्ज़ है; जी0डी0पी0 के मुकाबले कर्ज़ कितना प्रतिशत है;

(ख) प्रदेश सरकार वर्ष में कितना कर्ज़ ले सकती है; वर्तमान में इसकी सीमा केन्द्र सरकार द्वारा बढ़ाई गई है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) गत 2 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक केन्द्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्राप्त हुई?

बादल फटने की घटनाएं

***5285 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में बादल फटने की कितनी घटनाएं कहां-कहां हुईं; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) बादल फटने की इन घटनाओं में जान-माल का कितना नुकसान हुआ; और

(ग) सरकार बादल फटने की घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी के कारणों को जानने के लिए किसी उच्च स्तरीय संस्था से अध्ययन करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***5286 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला तीउन के भवन का निर्माण कार्य आरम्भ हो चुका है; यदि हां, तो इस हेतु अब तक कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई गई व कितनी शेष धनराशि अभी देय है; ब्यौरा दें;

(ख) कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला रशोल में भवन निर्माण हेतु सरकार ने कितनी धनराशि आबंटित की है; और

(ग) इनका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Nagar Nigam Solan

***5287 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that since the formation of Nagar Nigam Solan, in the duration of almost more than a year, there has never been permanent incumbent in the Chair of Commissioner, this has adversely affected the smooth functioning of Nagar Nigam; and

(b) will the Government ensure to post a permanent efficient incumbent as Commissioner Nagar Nigam Solan; details be given?

सीमेंट प्लांट

***5288 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के नोहराधार में White सीमेंट प्लांट खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

सड़क निरीक्षण

***5289 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता को जांचने हेतु सरकार द्वारा गठित विशेष समिति द्वारा कितनी सड़कों का निरीक्षण किया गया; निरीक्षण के दौरान दोषी पाए गए ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई तथा कितने ठेकेदारों को दण्डित किया गया; ब्यौरा दें?

Panchayati Raj & Rural Development

***5290 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 20.07.2022, how many houses have been sanctioned to SC/ST/OBC/Minorities etc. in Salooni and Bhattiyat Block; details be given Panchayat-wise; and

(b) how many cases are pending in these blocks; by when these will be cleared?

MLA Priority Scheme

***5291 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest position of

construction works under MLAs priority scheme upto July, 2022 (Roads/Bridges/Buildings) in Rampur Assembly Constituency?

नई राहें-नई मंजिलें

***5292 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत "नई राहें-नई मंजिलें" योजना के तहत कितनी धनराशि पर्यटन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए स्वीकृत हुई है; और

(ख) सरकार देव कमरुनाग और शिकारी माता जैसे दर्शनीय स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

सड़कों की अद्यतन स्थिति

***5293 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गोसांगो से जिसकून सड़क किस योजना के तहत बन रही है; इस पर अब तक कितना व्यय किया जा चुका है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(ख) जिसकून से जाखा सड़क के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; इस पर अब तक कितना व्यय किया जा चुका है; इसका कार्य क्यों बन्द पड़ा है तथा इसे कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***5294 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ददरीयाड़ा से चक्की, सैला मथला से लुहानी, कुदान से पुरखाडा, डंगारड़ी, बाई का बाग, गाहरदा घट्टु से लनौह, कलमखड्डु से सराणा सलोह, मोतला से गोला वाया भीयोड़ा, दवाला से डंगा वाया चाम्बड़, बेली से दुक्का वाया लुन्ना, बिट्ठल से कथियारी सम्पर्क सड़कों की वन विभाग से स्वीकृति न मिलने के कारण इन सड़कों का कार्य आरम्भ नहीं हो पा रहा है; यदि हां, तो

कारणों सहित ब्यौरा दें; और

(ख) वन विभाग द्वारा इन सम्पर्क सड़कों के लिए कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

जनजातीय विकास कार्यक्रम

*5295 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)**:

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक जनजातीय विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्रदान की गई तथा कितनी व्यय की गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में यह धनराशि किन-किन विभागों को प्रदान की गई है व उन विभागों द्वारा यह धनराशि किन-किन स्थानों पर किन-किन कार्यों के लिए व्यय की गई; ब्यौरा दें?

निदेशालय भवन

*5296 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर)**:

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने शिमला स्थित उद्योग निदेशालय को किराये के भवन में स्थापित करने का निर्णय लिया है; यदि हां, तो कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इस निदेशालय के नए भवन के निर्माण हेतु किस जगह भूमि का चयन किया गया है तथा यह भवन कब तक बन कर तैयार हो जाएगा; ब्यौरा दें?

राष्ट्रीय राजमार्ग

*5297 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार शिमला से सायरी-कुनिहार-दिग्गल-रामशहर व शालाघाट से अर्की-बातल-कुनिहार-सुबाथू-धर्मपुर सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

जल क्रीड़ा केन्द्र लारजी

***5298 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लारजी जल क्रीड़ा केन्द्र में सरकार कब तक जल क्रीड़ाएं आरम्भ करने का विचार रखती है; इस परियोजना के संचालन के लिए सरकार द्वारा क्या स्थायी/अस्थायी या आउटसोर्स के माध्यम से कोई नियुक्तियां की गई हैं; यदि हां, तो नाम व पते सहित ब्यौरा दें;

(ख) यह सत्य है कि इस परियोजना के तहत निर्मित व निर्माणाधीन सभी अवसंरचनाएं कुल्लू जिला के अंतर्गत आती हैं; यदि हां, तो क्या विभाग द्वारा परियोजना के नाम में विसंगति को ठीक करने का कोई प्रयास किया गया है; और

(ग) इस परियोजना के तहत हो रहे निर्माण (प्रस्तावित, निर्मित, निर्माणाधीन) की स्वीकृत व व्यय धनराशि का ब्यौरा दें?

विश्वविद्यालय में दाखिला

***5299 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में एस0सी0, एस0टी0, ओ0बी0सी0 और ई0डब्ल्यू0एस0 हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी निर्देशों को प्रदेश में लागू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

सब-स्टेशन

***5300 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ऊहल स्टेज-III, चुला में 132 केवी/33केवी सब- स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

नेरवा परिवहन डिपो

***5301 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नेरवा परिवहन डिपो का निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा; इस डिपो में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, रिक्त व भरे हुए हैं; स्टाफ का पद सहित ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि नेरवा परिवहन डिपो के निर्माण हेतु एन0ओ0सी0 गृह विभाग से मिल गई है; यदि हां, तो इस हेतु विभाग द्वारा प्रशासनिक व व्यय मंजूरी कब तक प्रदान कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***5302 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत नालागढ़ नागरिक अस्पताल में 200 बैड्ज के मुताबिक डॉक्टर्ज व पैरा-मैडिकल स्टाफ सरकार द्वारा कब तक उपलब्ध करवा दिया जाएगा तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा;

(ख) यह सत्य है कि 100 बैड्ज वाले औद्योगिक क्षेत्र के मुख्य अस्पताल नालागढ़ में डॉक्टर्ज की संख्या घटा दी गई है; यदि हां, तो कारण; और

(ग) यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा इस अस्पताल को 200 बैड्ज का नागरिक अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया था; यदि हां, तो इसकी अधिसूचना कब तक जारी कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

मुख्य मन्त्री राहत कोष

***5303 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत मुख्य मन्त्री राहत कोष के अंतर्गत सरकार द्वारा कितनी धनराशि लाभार्थियों को सहायता स्वरूप प्रदान की गई है; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

उठाऊ पेयजल योजना

***5304 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शिमला शहर के लिए कोलडैम से उठाऊ पेयजल योजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इस योजना का वित्तपोषण किस संस्था द्वारा किया जाएगा और इसके लिए कितना अनुमानित व्यय होगा; और

(ग) इस योजना से शिमला शहर को प्रतिदिन कितने लीटर पानी मिलेगा तथा इस योजना की अन्य क्या-क्या मुख्य विशेषताएं हैं; ब्यौरा दें?

ITI Building Sunni

***5305 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Technical Education Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that State of Arts (ITI) Sunni was opened in the year 2014-15 but its classes are being run in ITI Shimla; and

(b) by when does the Government intends to shift the classes to ITI building at Sunni; details be given?

स्मार्ट सिटी

***5306 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक शिमला तथा धर्मशाला नगर निगमों को स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत विभिन्न मदों में केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि प्राप्त हुई; और

(ख) यह धनराशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई; ब्यौरा व्यय की गई धनराशि, कार्य तथा ठेकेदार के नाम सहित दें?

पदपूर्ति

***5307 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप-केन्द्र हैं जिनमें डॉक्टर्ज, नर्सिज व अन्य टैक्निकल स्टाफ उपलब्ध नहीं है; ये पद कब से रिक्त हैं; पदवार ब्यौरा दें; सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है?

प्राथमिक पाठशाला भवन

***5308 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक जिला हमीरपुर में कितनी राजकीय प्राथमिक पाठशालाएं बन्द हुई; ब्यौरा दें;

(ख) बन्द हुई पाठशालाओं के भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा क्या इन भवनों में सम्बन्धित विभाग या अन्य विभागों के संस्थानों को स्थानान्तरित किया जा सकता है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

यशपाल शर्मा,
सचिव।